GREENLAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION YEAR 2018

SUBJECT : HINDI | CLASS : VII
TIME : 2 HRS | MARKS :80

---

**सूचना** :- भाग 'अ' के सभी प्रश्नों के उत्तर विद्यालय द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए। भाग 'ब' की दोनों पुस्तकों के उत्तर भी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। भाग 'स' तथा 'द' के उत्तर प्रश्नों के आगे दिये खाली स्थानों पर लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में जोड़ दीजिए।

**भाग 'अ'**

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) देश की भलाई : गंगा की सफाई
२) मेरी अविस्मरणीय ( unforgetable) यात्रा
३) घटती हरियाली बिगड़ता मौसम
४) खत्म होते पुराने खेल

प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)

१) अपने इलाके में बच्चों के लिए एक पार्क बनाने की प्रार्थना करने हेतु नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

अथवा

२) विदेश में रहनेवाले मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आपने गणतंत्र दिवस कैसे मनाया।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१०)

दोपहर का समय था जंगल का रास्ता काफी दुर्गम था। महात्मा बुद्ध चलते-चलते कुछ थक भी गए थे। पर वे रुके नहीं। आगे ही आगे बढ़ते गए। उनका ह्रदय संसार के कष्टों को देखकर दुखी था। परंतु ज्ञान प्राप्त करने के बाद उनको लगने लगा था कि दुनिया का दुख निश्चित ही दूर होगा। इसी विश्वास के कारण उनके मुख पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वह यही विचार करते जा रहे थे कि इंसान इंसान को मारता क्यों है ? तभी उन्हें एक कठोर कर्कश आवाज़ सुनाई दी, ''ठहर जा।"

लेकिन अपने ही ध्यान में मग्न रहने के कारण बुद्ध उस आवाज़ को सुन नहीं सके। तभी वही आवाज़ फिर आई, ''ठहर जा।"

महात्मा बुद्ध रुक गए। तभी घनी झाड़ियों को चीरती हुई एक विकराल मूर्ति उनके सामने आ खड़ी हुई। ऊँचा कद, काला शरीर, भयानक चेहरा, लाल आँखें, बिखरे बाल, बड़ी-बड़ी मूँछें, लंबी मजबूत भुजाएँ, चौड़ा सीना, हाथ में कटार। निश्चय ही वह साधारण मनुष्य नहीं कोई दैत्य दिखाई पड़ता था। उसके गले में अंगुलियों की माला देखकर बुद्ध को समझते देर नहीं लगी कि यही अंगुलिमाल डाकू है। महात्मा बुद्ध ने उसके चेहरे पर अपनी दृष्टि डाली परंतु उनकी नज़र में भय नहीं प्यार था। उन्होंने प्रेमपूर्वक उस डाकू से कहा- ''मैं तो ठहर गया। तू कब ठहरेगा ?"

वह डाकू चकित रह गया। आज तक उसके सामने इस प्रकार कोई शांत भाव से नहीं खड़ा हुआ था। क्योंकि जो भी उसे देखता था वह भय से काँपने लगता था। लेकिन यह कौन है जो डरा नहीं और शांत भाव से उसके सामने खड़ा है। महात्मा बुद्ध ने फिर कहा, ''तू कब ठहरेगा ?"

न जाने उनके स्वर में कौन-सा जादू था जिसने एक पल के लिए उस क्रूर व्यक्ति के अंदर की सारी कठोरता को दूर कर दिया।वह विनीत स्वर में बोला, ''महात्मन् मैं आपकी बात समझ नहीं सका।" बुद्ध बोले,

''अंगुलिमाल मनुष्य के जीवन में जन्म से मरण तक वैसे ही बहुत दुख हैं। तू अपनी क्रूरता से उसे और क्यों बढ़ा रहा है ? मैं तो ज्ञान प्राप्त करके जीवन-मरण के बंधन से छूट गया हूँ। पर तू जो इतनी मार-काट करता है इससे कब छूटेगा ? बोल कब ठहरेगा तू ?"

जिसने कभी डरना नहीं सीखा था, जिससे सारी दुनिया काँपती थी, वही डाकू आज एक नि:शस्त्र महात्मा के तेज से काँपने लगा था। अचानक वह बुद्ध के चरणों में गिर पड़ा और विनती करने लगा, ''भगवन्! मुझे राह दिखाइए । मेरे सामने अँधेरा ही अँधेरा है।"

बुद्ध ने उसे प्यार से उठाया और उसको दया, शांति और प्रेम का उपदेश दिया। अंगुलिमाल की आँखें खुल चुकी थीं। उसके मन का अंधकार दूर हो गया। उसने अपने गले में पहनी हुई अंगुलियों की माला तोड़ डाली तथा कटार दूर फेंक दी। उसने महात्मा बुद्ध से दीक्षा ली और उनका शिष्य बन गया।

इसीलिए कहा गया है कि बुरे से बुरा मनुष्य भी अच्छी संगति पाने से श्रेष्ठ व्यक्ति बन जाता है।

प्रश्न –

१) महात्मा बुद्ध क्या देखकर दुखी थे ? किस विश्वास के कारण उनके मुख पर हमेशा मुस्कान रहती थी ? (२)

२) डाकू के रूप का वर्णन कीजिए। (२)

३) डाकू चकित क्यों रह गया ? (२)

४) महात्मा बुद्ध ने डाकू को क्या उपदेश दिया ? इसका उसपर क्या प्रभाव पड़ा ? (२)

५) आपको इस गद्यांश से क्या सीख मिलती है ? (२)

## भाग 'ब' रोली

प्रश्न ४ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (१५)

१) ''सफेद संगमरमर से बना ताजमहल सामने खड़ा मुसकरा रहा था।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

२) रक्षा मंत्री ने कलाम से क्या और क्यों पूछा ?कलाम ने जवाब में क्या कहा ?

३) रानी चेन्नम्मा के चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

४) कवि के अनुसार ग्रामवासियों के शहरों की ओर पलायन के कारण गाँव में क्या परिवर्तन आ गया है ?

५) चाय के सेवन से होनेवाले लाभ तथा हानियों के विषय में लिखिए।

## बालरामायण

प्रश्न ४. ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (६)

१) अगस्त्य ऋषि ने राम –लक्ष्मण को क्या परामर्श दिया तथा कौन-कौन से अस्त्र –शस्त्र दिए ?

२) संपाति कौन था ? उसने वानरों की क्या मदद की ?

३) सुग्रीव अपने ही भाई बालि को क्यों मारना चाहता था ?

## भाग 'स'

**सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्नपत्र में ही लिखिए।**

नाम – ------------------------------ कक्षा ---------- अनुक्रमांक --------

प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (५)

१) हम किसे आँच न आने देंगे?

उत्तर - ----------------------------------------

२) चाय पूर्णतः कुदरती पेय कैसे है?

उत्तर - ----------------------------------------

३) वाशिंदों को कौन ढूँढ़ती फिरती है?

उत्तर - ----------------------------------------

४) हल्कू खेत में क्या करने गया था?

उत्तर - ----------------------------------------

५) कलाम के पिता उन्हें क्या बनाना चाहते थे?

उत्तर - ----------------------------------------

प्रश्न ६. किसने-किससे कहा:- (३)

१) कंपनी सरकार ने आपके लिए यह फ़रमान भेजा है।

उत्तर - ----------------------------------------

२) तुम छोड़ दो अब ये खेती?

उत्तर - ----------------------------------------

३) तुम लोग अपनी तैयारी कर लो। हम २५ दिसंबर को आगरा चलेंगे।

उत्तर - ----------------------------------------

प्रश्न ७. शब्दार्थ लिखिए। (४)

१) मिष्टभाषी - ____________ २) नवल सृष्टि - ____________

३) फ़रमान - ____________ ४) जीवन-संगिनी- ____________

५) ऊर्जावान - ____________ ६) तलब - ____________

७) बंदोबस्त - ____________ ७) प्रेक्षागृह - ____________

प्रश्न ८ कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए। (३)

वर्षा, ओले ____________

____________

____________ संतान .

प्रश्न ९. सही कथन के आगे सही (✓) और गलत के आगे ( X) का निशान लगाइए। (२)

१) दुश्मन से सिद्दप्पा जा मिला था। (  )

२) चाय की उत्पत्ति चीन में हुई थी। (  )

३) पद्म विभूषण मिलने पर बैरे ने कलाम को बधाई दी। (  )

४) राधास्वामी मंदिर का निर्माण दो सौ वर्षो से चल रहा है। (  )

**भाग - 'द'**

प्रश्न १० निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

१) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (२)

१) मुखिया- ____________ ____________

२) पराजय- ____________ ____________

२) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (१)

१) दुष्कर - ____________ २) तरुण ____________

३) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (१)

१) उसी काल में होनेवाला - ____________

२) पति-पत्नी को जोड़ा - ____________

४) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए। (१)

१) मुनीगण - ____________ २) सीड़ियों - ____________

५) निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द लिखिए। (२)

१) भीतर - ____________ २) दया - ____________

३) खेलना - ____________ ४) नगर - ____________

६) रचना के आधार पर वाक्यों के भेद पहचानकर लिखिए। (२)

१) जैसे ही हम घर से बाहर निकले धूप निकलने लगी ।

____________________________

२) नाटक देखने बहुत लोग आए लेकिन नाटक अच्छा नहीं था।

____________________________

७) कारक चिह्न पहचानकर उनके भेद लिखिए। (२)

१) पुलिस ने चोर को पकड़ा।

____________________________

२) अतिथि के लिए भोजन लाओ।

____________________________

८) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए। (२)

१) पाठ - ____________ ____________

२) तंग - ____________ ____________

९) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए। (२)

१) कच्चा चिट्ठा खोलना - ____________________

२) किस्मत फूटना - ____________________